राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र ने लगवाई कोविड–19 टीके की प्रिकॉशन डोज

जयपुर, 10 जनवरी। कोविड–19 टीके की प्रिकॉशन डोज की शुरुआत होने पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र ने सोमवार को यहां राजभवन में तीसरी खुराक लगवाई।

राज्यपाल श्री मिश्र ने अपील की है कि कोरोना की तीसरी लहर से बचने के लिए सभी पात्र वरिष्ठ नागरिक, स्वास्थ्य कर्मी एवं कोरोना योद्धा कोविड–19 टीके की प्रिकॉशन डोज जरूर लगवाएं। उन्होंने 2007 एवं इसके बाद जन्मे 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों का भी अधिक से अधिक कोरोना टीकाकरण करवाने का आह्वान किया।

श्री मिश्र ने कहा कि कोरोना के नए वेरिएंट्स का प्रसार तेजी से बढ़ रहा है। इससे बचने के लिए सभी लोग मास्क पहने, दो गज की सुरक्षित दूरी बनाए रखें तथा बार–बार हाथ धोते रहें। उन्होंने अपील की है कि बच्चे और बुजुर्ग यथा संभव घर पर ही रहें। अन्य लोग भी अनावश्यक घरों से बाहर नहीं निकलें तथा राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन की पालना करें।

—